हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री


रिवर व्यू में पटाखा दुकान के लिए नापजोख करते निगम के अधिकारी।




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
Advt.


## नगर में आज

### मानव उत्थान सद्भावना सम्मेलन

**बिलासपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति का सदभावना सम्मेलन 10 अक्टूबर को शाम 4 बजे से 7 बजे तक शिव नगर उसलापुर में होगी। इसमें विभिन्न तीर्थों से आए संत महात्माओं के कल्याणकारी के लिए सत्संग प्रवचन होगा।

### नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लासेस शिविर

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ द्वारा नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लासेस शिविर 10 अक्टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए उम्र बंधन नहीं रखा गया है। संघ के अध्यक्ष ने बताया की प्रशिक्षण का समय सुबह 7.45 बजे से 9.15 बजे, शाम 6.30 बजे से रात 8 बजे तक रखा गया है।

### रेलवे ब्लाक में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत 10 10 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 रेलवे ब्लॉक के अध्यक्ष मोती थावरानी ने दी।

### एएसआई ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में लिए थे 24 हजार

### आरक्षक ने झूठे मामले में भय दिखाकर की थी 20 हजार की वसूली

# घूसखोर एएसआई व आरक्षक को एसएसपी ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब पीकर गाड़ी चलाने और झूठे मामले में जेल भेजने का डर दिखाकर घूसखोरी करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गाज गिरी। मामले की जांच के बाद शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में 24 हजार रुपए आनलाइन रिश्वत लेने वाले सीपत थाने के एएसआई व झूठे आबकारी के मामले में जेल भेजने का भय दिखाकर 20 हजार रुपए रिश्वत लेने वाले एक आरक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है।

7 अक्टूबर को सीपत निवासी अविनाश सिंह ठाकुर ने एसएसपी से शिकायत की, इसके अनुसार वे 5 अक्टूबर को रवि कश्यप के साथ बुलेट क्रमांक सीजी 04 केएक्स, 3880 से सीपत थाना गए थे। इसी दौरान सीपत पुलिस ने उनकी बाइक की चाबी लेकर शराब पीकर गाड़ी चलाने की धारा 185 की कार्रवाई की बात कहते हुए 50 हजार रुपए की मांग की। कार्रवाई के डर से पुलिसकर्मियों के कहने पर उन्होंने थाने के प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटर राजेश्वर कश्यप के बैंक खाते में 22 हजार व 2 हजार रुपए भुगतान किया। उसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। बाद में फिर से उनकी बाइक को जब्त कर उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 व उनके दोस्त रवि कश्यप के खिलाफ 36 च के



तहत कार्रवाई कर दी गई है। एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल के द्वारा शिकायत की जांच की गई, इसमें पाया गया कि एएसआई सहेत्तर कुर्रे ने कार्रवाई का भय दिखाकर प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटर के फोन पे पर पैसा डलवाया था। एसएसपी रजनेश सिंह ने जांच रिपोर्ट के आधार पर आनलाइन घूस लेने वाले एएसआई सहेत्तर कुर्रे को सस्पेंड कर विभागीय जांच का आदेश दिया है।

### की गई है कार्रवाई

शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में आनलाइन पैसा लेने पर सीपत थाने के एएसआई व अवैध शराब बेचने के झूठे मामले में जेल भेजने की धमकी देकर पैसा लेने वाले तखतपुर थाने के आरक्षक को सस्पेंड किया गया है।

-रजनेश सिंह एसएसपी

### झूठे केस में जेल भेजने की धमकी, मुर्गा खिलाने की मांग

तखतपुर क्षेत्र के एक महिला ने एसएसपी से शिकायत की 2 अक्टूबर की सुबह 10 बजे तखतपुर थाने में पदस्थ आकाश निषाद अपने एक अन्य साथी के साथ उनके घर में घुसकर वीडियो बनाने लगा। आरक्षक ने पति पत्नी अवैध शराब बेचने का झूठा केस में फंसाने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। भयभीत होकर दोनों ने आरक्षक को 20 हजार रुपए रिश्वत दे दिया। कुछ दिन बाद फिर से आरक्षक उनके घर गया और 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग करते हुए मुर्गा बनाकर खिलाने की मांग की। पैसा देने से मना करने पर उसने परिणाम भुगतने की धमकी दी। उसके बाद तखतपुर पुलिस ने उसके पति को पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। शिकायत सही पाए जाने पर एसएसपी श्री सिंह ने आरक्षक आकाश निषाद को सस्पेंड कर विभागीय जांच का आदेश दिया है।

# साढ़े 4 घंटे बंद रही बिजली, सिम्स में छाया अंधेरा, उपभोक्ता भी हलाकान




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली बंद लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है, रोजाना 4 से 6 घंटे बिजली बंद होना शहर में आमबात है। जहां इससे आम जन परेशान है, वहीं व्यापारियों के धंधे भी चौपट हो रहे है। खास बात यह है कि गुरूवार को शनिचरी और बृहस्पति सबस्टेशन से सप्लाई बंद होने के कारण सिम्स में भी बिजली ठप रही, इस दौरान मरीजों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ी। मरीजों के परिजन हाथ में पंखा लेकर हिलाते दिखे, वहीं स्टाफ मोबाइल के रौशनी में खून चढ़ाते रहे।

शुक्रवार को शेड्यूल मेंटनेंस के चलते सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद की गई थी, लेकिन काम की अधिकता के चलते करीब 4 बजे तक सप्लाई नार्मल हो सकी, इस दौरान साढ़े 4 घंटे लोग हलाकान रहे। इसका असर सिम्स अस्पताल में भी दिखा। जहां खून चढ़ाने के लिए नर्सों को मोबाइल रौशनी का सहारा लेना पड़ा, वहीं वार्डो में मरीजों की हालत बिगड़ने के बाद परिजनों के द्वारा हाथ पंखे से हवा देना पड़ रहा था। वहीं बिजली सप्लाई ठप होने के कारण लोगों के रोजमर्रा के काम अधूरे रहे, दीपावली को देखते हुए घरों में निर्माण और रिनोवेशन के काम कराए जा रहे हैं, मजदूर लगाए गए हैं, लेकिन बिजली बंद होने के कारण काम प्रभावित हो रहे हैं।

### सोलर पैनल ठप लाखों का खर्चा

बताया जा रहा है कि सिम्स का सोलर पैनल ठप पड़ चुका है, सालों से बदहाल सोलर पैनल से अब बिजली मिलना संभव नहीं है। पूरा सिस्टम भी कबाड़ हो चुका है। इसे फिर से दुरूस्त करने के लिए सिम्स प्रबंधन को एक बार फिर लाखों रूपए खर्च करना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार पूरे सिम्स परिसर में इसकी सप्लाई भी नहीं है, महज पुरानी बिल्डिंग में ही सोलर पैनल की सप्लाई होती थी, लेकिन बैटरी खराब होने के बाद प्रबंधन ने इसे बनाने का नाम नहीं लिया है, अब सोलर पैनल कबाड़ में तब्दील हो चुका है।

### यहां बंद रही सप्लाई

शेड्यूल मेंटनेंस के लिए सिविल लाइन फीडर, कुदुदंड, गोड़पारा जैसे फीडरों की सप्लाई ठप रही। इस दौरान ईदगाह चौक, पुलिस लाइन, अग्रेसन चौक, मसानगंज, मिशन स्कूल, छत्तीसगढ़ स्कूल, छत्तीसगढ़ भवन, मिलन चौक, कुदुदंड, माता चौरा जैसे जगहों में बिजली बंद रही। इस दौरान ट्रांसफार्मर लगाने और लाइनों को दुरूस्त करने का काम किया गया।




## खबर संक्षेप

### शुभमविहार विकास समिति के पांडेय बने अध्यक्ष



**बिलासपुर।** शुभमविहार मानस मंडली के संयोजक अखिलानंद पांडेय को शुभमविहार विकास समिति का सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया हैं। श्री पांडेय के निर्वाचन से मोहल्ले में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर नरेंद्र गोपाल, एम एल बरसैंया, आर पी मिश्रा, राम लखन शर्मा, हरिभाई पटेल, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद अवस्थी, प्रमोद तिवारी, ईश्वर तिवारी, विनोद अवस्थी, ललित अग्रवाल, हृदयानंद पाण्डेय, अनिल तिवारी, सुषमा तिवारी, राम किशुन रजक, धर्मेन्द्र चन्द्राकर, घनश्याम पाठक, कौशल्या साहू , स्मिता नामदेव, नरेन्द्र यादव, सोमू पाठक, सन्नी बुनकर, शुभम् शर्मा, संजीव बाजपेयी, बी के पाण्डेय,धीरज पलेरिया, ईश्वर पटेल, मनीष बरसैंया, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, सिद्धार्थ शर्मा, अभिषेक शर्मा, टी एस तोमर, आकाश शर्मा, लक्ष्मी साहू, श्वेता पांडेय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### राजेंद्र फाये जीएसटी कार्यालय की विभागीय समिति के अध्यक्ष निर्वाचित



**बिलासपुर।** जीएसटी कार्यालय के विभागीय समिति का राजेन्द्र फाये को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। राज्य कर जीएसटी कार्यालय विभागीय समिति के अध्यक्ष पद का निर्वाचन 8 अक्टूबर को जीएसटी कार्यालय बिलासपुर के सभागृह में संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी ललित कश्यप एवं दिलेश्वर भंडारी ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात जीएसटी विभागीय समिति के अध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र फाये एवं चंद्रहास पाठक उम्मीदवार के रूप में भाग्य आजमाया। जिसमें राजेंद्र द्वारा निकटतम उम्मीदवार चंद्रहास पाठक को 23 मत अधिक प्राप्त कर राजेंद्र फाये को अध्यक्ष घोषित किया गया।

### इक्कीसवीं सदी बाजारवाद से बचने की सलाह भी देती है : डॉ घृतलहरे



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में शोध के लिए संस्थान में समय समय पर आमंत्रित किए जाते हैं। प्राचार्य डॉ एस आर कमलेश ने बताया कि इस वर्ष डॉ घृतलहरे ने सह-अध्येतावृत्ति का अपना दूसरा सत्र सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया। उन्होंने अपने एसोसिएटशिप के इस दूसरे सत्र में इक्कीसवीं सदी की हिन्दी कविता पर भूमंडलीकरण का प्रभाव शीर्षक से शोध कार्य पूरा किया और संस्थान में प्रस्तुतीकरण पश्चात शोध पत्र जमा किया। उनके प्रस्तुतिकरण सत्र की अध्यक्षता भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के टैगोर अध्येता प्रो. ओमप्रकाश शर्मा ने की। उन्होने उत्तर आधुनिकता के विभिन्न लक्षणों की चर्चा करते हुए वैश्वीकरण, उदारीकरण, निजीकरण और बाजारवाद की अवधारणा को स्पष्ट किया। इक्कीसवीं सदी की कविताओं में भूमंडलीकरण के प्रभावों को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी की कविता हमें इस तकनीकी समय के साथ चलना सिखाती है और भूमंडलीकरण के संभावित खतरों से आगाह करती है। यह हाशिए के समाज की अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्षरत है।

दुकानदारी की भेंट चढ़ गया वार्ड का एकमात्र सामुदायिक भवन

# सामुदायिक भवन में काजू-किशमिश की दुकान, मेयर बोलीं गलत क्या है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजेंद्र नगर का एकमात्र सामुदायिक भवन, जहां वार्ड के लोग अपने सुख-दुख के कार्यक्रम। संपन्न कराते थे आज दुकानदारी की भेंट चढ़ गया है।

- संपन्न होते थे वार्डवासियों के छोटे-बड़े समारोह

जनहित के लिए बनाया गया यह भवन एक काजू-किशमिश बेचने वाले व्यवसायी को किराए पर दे दिया गया है। हद तो तब हो गई जब शहर की प्रथम महिला, महापौर पूजा विधानी ने सामुदायिक भवन की बिल्डिंग को मेवे की दुकान चलाने वाले को किराए पर देने के निर्णय को सही ठहरा दिया है। सामुदायिक भवन के नाम पर राजेंद्र नगर में बनाई गई बिल्डिंग को काजू-किशमिश बेचने वाले एक दुकानदार को सस्ते में किराए पर दिया गया है, जो कि पौष्टिकम के नाम पर संचालित किया जा रहा है। मेयर पूजा विधानी ने इस कदम को सही ठहराते हुए कहा है कि पूर्व में भी इसे सी-मार्ट के लिए किराए पर दिया गया था। पूर्ववर्ती सरकार में यह भवन सी-मार्ट के नाम पर जरूर दिया गया था।




### कुछ भी गलत नहीं है

सामुदायिक भवन को अगर किसी निजी व्यक्ति को दुकान संचालित करने किराए पर दिया गया है तो इसमें गलत क्या है? उक्त दुकानदार किराए की रकम नगर निगम में ही जमा करवाएगा। इससे पहले भी इस भवन को सी-मार्ट के लिए किराए पर दिया गया था। यह बिल्कुल सही निर्णय है। भवन का ऊपरी हिस्सा अब भी खाली है, सामुदायिक भवन जैसा उपयोग अब भी किया जा सकता है।

-**पूजा विधानी**, महापौर

### डायग्नोस्टिक सेंटर खुलना था

यह भवन डायग्नोस्टिक सेंटर खोलने के उद्देश्य से बनाया गया था, जहां शहर के लोगों की विभिन्न प्रकार की शारीरिक जांच न्यूनतम शुल्क लेकर की जाती। किसी कारणवश यहां डायग्नोस्टिक सेंटर नहीं खोला जा सका। तब इसे सामुदायिक भवन के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया, जिसका उपयोग वार्ड के लोग अपने सुख-दुख के समारोह आयोजित करने के लिए करते थे। वार्ड के जरूरतमंद लोग बड़ी संख्या में एवं लंबे समय तक इस सामुदायिक भवन में अपने समारोह संपन्न कराते रहे हैं। इस भवन को किसी निजी व्यक्ति को दुकानदारी के लिए किराए पर देने का उद्देश्य कभी नहीं रहा।

-**किशोर राय**, तत्कालीन महापौर

### सबको किराए पर चढ़ा दें

शहर में जनता के सुख-दुख से संबंधित कामकाज संपन्न कराने के लिए विभिन्न मदों से राशि जारी कर करीब 250 सामुदायिक भवन बनाए गए हैं। वार्ड के लोगों को यह भवन न्यूनतम दरों पर उपलब्ध हो जाते हैं, सामुदायिक भवनों को भी दुकानदारी के लिए किराए पर दिया जा रहा है, भवन भी व्यापारियों को दुकानदारी के लिए किराए पर दे दिए जाएं।

### नागरिकों के लिए था भवन

यह सामुदायिक भवन राजेंद्र नगर के निवासियों के लिए एकमात्र ऐसा भवन था, जहां वे अपने बच्चों की शादी, छट्ठी सहित परिजन के दुख के समारोह भी संपन्न कराते थे। इस भवन को दुकानदारी के लिए निजी व्यक्ति को किराए में देने के बाद वार्ड में अब दो वर्गफुट जगह भी ऐसी नहीं रह गई है, जहां वे अपने सुख-दुख के कार्यक्रम संपन्न करवा सकें।

-**संजय यादव**, तत्कालीन एवं वर्तमान पार्षद

# एमएसटीसी पोर्टल से होगा रेत खदानों का आबंटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौण खनिज साधारण रेत का आवंटन अब एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के उद्देश्य से ई-नीलामी (रिवर्स आक्शन) प्रणाली अपनाई जा रही है। इच्छुक बोलीकर्ताओं को लागू होने वाली नई पोर्टल की प्रक्रिया को समझाने के लिए शहर में 13 अक्टूबर को संभाग स्तरीय प्र शि क्ष ण आ यो जि त किया जा रहा है।

- 13 अक्टूबर को संभाग स्तरीय प्रशिक्षण में बोलीकर्ताओं को शामिल होने की अपील

रेत खदानों का आबंटन भी अब ऑनलाइन पद्धति से किया जाएगा। शासन द्वारा रेत घाटों के ऑनलाईन आबंटन की तैयारी विगत लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब जमीनी स्तर पर प्रक्रिया में लाया जा रहा है। चूंकि यह प्रक्रिया अभी नई है, जिससे इसकी जानकारी बोलीदारों को होनी चाहिए, जिससे खनिज विभाग द्वारा सिंचाई विभाग के प्रार्थना भवन में 13 अक्टूबर को संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान बोलीदारों को एमएसटीसी पोर्टल पर निविदा जारी करने की प्रक्रिया, बोलीकर्ताओं का पंजीयन और लागिन, एवं तकनीकी अर्हता का परीक्षण करना सिखाया जाएगा। इसी तरह बोली लगाने की विधि के अंतर्गत अधिमानी बोलीदार का चयन, लाटरी प्रक्रिया और अन्य तकनीकी पहलू पर भी चर्चा की जाएगी। उक्त प्रशिक्षण संभाग स्तरीय होगा, जिसमें बिलासपुर संभाग के सभी जिलों मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ के इच्छुक बोलीकर्ता शामिल हो सकेंगे।

### जानकारी लेनी चाहिए

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक सभी रेत खदान बोलीकर्ताओं को इस प्रशिक्षण में शामिल होकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। इससे नीलामी के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी परेशानी से बचा जा सकेगा और आवंटन प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जा सकेगी।

-**किशोर कुमार गोलघाटे**, उप संचालक, खनिज विभाग

# कोर जोन में 1 नवंबर से शुरू की जानी है सफारी, लेकिन रोड खराब

**बिलासपुर।** बारिश के मौसम में चार महीनों तक सैलानियों के लिए बंद रहने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व एटीआर एक नवंबर से फिर से खोलने की तैयारी की जा रही है। इस दौरान सैलानियों को रिसॉर्ट के साथ-साथ जंगल सफारी की सुविधा भी मिलेगी। यह तैयारी तो लगभग पूरी कर ली गई है, लेकिन सफारी जिस सड़क पर चलाई जानी है वह सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इसका मरम्मत कार्य बारिश के कारण रोक दिया गया है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में कोर जोन का भ्रमण और सफारी सहित रिसार्ट की बुकिंग बारिश के मौसम से चार माह तक बंद कर दिया जाता है। यह कार्य इसलिए किया जाता है कि क्योंकि बारिश के मौसम में वन्यप्राणियों के ब्रीडिंग भी होते हैं, जिसमें गाड़ी चलने के कारण समस्या भी आ सकती है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चार माह के लिए एटीआर के कोर जोन में भ्रमण और सफारी की सुविधा को बंद किया गया था। वहीं बफर जोन में ग्रामीणों सहित अन्य लोगों का आना-जाना चालू रहा। चार माह की अवधि 31 अक्टूबर को समाप्त हो रही है। एक नवम्बर से एटीआर प्रबंधन को सफारी की सुविधा के साथ कोर जोन का रास्ता भी ओपन करना है। प्रबंधन के अनुसार कोर जोन में जिस रास्ते पर सफारी में सैलानी भ्रमण करने के लिए निकलते हैं, वहां करीब 25 से 30 किलोमीटर की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस 25 से 30 किलोमीटर की सड़क पर सीसी रोड का निर्माण नहीं किया जा सकता है, जिसके कारण मुरुम बिछाने और मरम्मत कार्य करने का निर्णय लिया गया है। यह कार्य एक माह पहले ही शुरु करने के साथ अब तक समाप्त कर दिया जाना था, लेकिन लगातार बारिश की वजह से सड़क के मरम्मत का कार्य रूका पड़ा है। वहीं प्रबंधन ने सभी समिति के सदस्यों को अपनी-अपनी सफारी को शुरु करने का आदेश जारी कर दिया है।



**बुकिंग होगी आनलाइन:** एक नवंबर से जंगल सफारी की शुरुआत की जा रही है। प्रबंधन ने सफारी और रिसॉर्ट की बुकिंग के लिए ऑनलाइन बुकिंग को अनिवार्य बनाया है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक नई अधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की गई है, जिसका बीटा वर्जन उपलब्ध है। यह परीक्षण संस्करण उपयोगकर्ताओं को वेबसाइट की सुविधाओं का उपयोग करने और फीडबैक देने की अनुमति देता है, ताकि किसी भी समस्या की पहचान की जा सके और उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार किया जा सके। सैलानी जंगल सफारी और शिवतराई बैगा रिसॉर्ट के कमरों की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### प्राथमिकता क्रम में वाहन और कमरे उपलब्ध

प्रबंधन के अनुसार ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्राथमिकता क्रम में वाहन और कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे। बीटा वर्जन से प्राप्त फीडबैक के आधार पर वेबसाइट को अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी सैलानियों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट में सुधार के लिए अपने सुझाव एटीआर प्रबंधन को ऑनलाइन संपर्क नंबर या बुकिंग काउंटर के माध्यम से दें। इन सुझावों के आधार पर आने वाले सैलानियों के लिए इसे और बेहतर बनाया जाएगा।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** अधेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, गोविंदनगर निवासी प्रकाश नागदौने 52 साल ने गुरूवार की शाम 6 बजे घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। बताया जाता है पूर्व में उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद से हताश चल रहे थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नारी शक्तियों की प्रतिभा का प्रदर्शन कल से

**बिलासपुर।** शहर में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 11 व 12 अक्टूबर को राघवेन्द्र राव सभा भवन कंपनी गार्डन के पास दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति की अध्यक्ष प्रभा मूर्ति ने बताया कि यह मेला पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित होगा। जहां हस्तकला, गृह उद्योग, फूड स्टॉल, फैशन, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे आकर्षक स्टॉल सिर्फ महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे। आयोजन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। इसके मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर पूजा विधानी होंगी। मेले में महिलाओं के हुनर को प्रदर्शित करने के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारंपरिक लोकनृत्य, बच्चों व युवाओं के लिए प्रतियोगिताएं और स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावा प्रतिभाशाली महिलाओं को मंच पर सम्मानित भी किया जाएगा।

### कलेक्टर ने किया कोषालय का निरीक्षण

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कोषालय का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कोषालय की समस्त व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए डबल लॉक का भौतिक सत्यापन, संबंधित पंजियों का परीक्षण तथा स्टाम्प, टिकट, बिल पासिंग,पेंशन भुगतान एवं लेखा कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कोषालय में अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव, दस्तावेजों के अद्यतन एवं वित्तीय अनुशासन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कार्य की पारदर्शिता, सटीकता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बसंत गुलेरी, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत, सहायक कोषालय अधिकारी सुजीत कुमार पात्रे आदि मौजूद थे।






# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## कार्यक्रम

### सच्ची शिक्षा तभी सार्थक है जब वह समाज के हित में प्रयुक्त हो




**बिलासपुर।** डीपी विप्र महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। नव स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना, उद्देश्य, अनुशासन और कार्यप्रणाली से अवगत कराना था, ताकि वे भविष्य में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ प्रीता लाल रहीं। विशेष अतिथि के रूप में डॉ नरोतम पुरले व अध्यक्षता डॉ अंजु शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ किरण दुबे , प्रो युपेश कुमार,डॉ आशीष शर्मा, प्रोए श्रीराम, प्रो निधिश चौबे, डॉ आशुतोष पांडे,एसआर चंद्रवंशी, प्रो हेलसियन, प्रो आकांक्षा गौतम, प्रो विभांशु, डॉ एमएस तांबोली, डॉ मनीष तिवारी, डॉ आभा तिवारी सहित अनेक प्राध्यापकों ने सक्रिय योगदान दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक शैली है। यह हमें सिखाती है कि सच्ची शिक्षा तभी सार्थक है जब वह समाज के हित में प्रयुक्त हो। एनएसएस युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन और मानवता का पाठ पढ़ाता है। देश का भविष्य इन्हीं सेवा-भाव से ओतप्रोत युवाओं के कंधों पर टिका है। स्वयंसेवक समाज के सच्चे परिवर्तनकारी होते हैं। वे बिना किसी स्वार्थ के समाज में प्रकाश फैलाते हैं। उनका योगदान न केवल समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श भी है। कार्यक्रम के दौरान धीरज मिश्रा, मुजफ्फर हुसैन, आशीष मिश्रा, कर्तव्य कश्यप, लक्ष्मी, अनंत सहित अन्य स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## आयोजन

### शरद पूर्णिमा सुख एवं पूर्णता का प्रतीक



**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं डॉ गजेन्द्र तिवारी,वरिष्ठ कवि सनत तिवारी एवं रमेश चन्द्र श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पद्मश्री पंडित मुकुटधर पाण्डेय की जयंती पर रायगढ़ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, शीतल प्रसाद पाटनवार, शत्रुघन जैसवानी,एवं राम निहोरा राजपूत जी को मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि शरद पूर्णिमा सुख एवं पूर्णता का प्रतीक है इसलिए जीवेत शरद शतम् का आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी जाती हैं वहीं यह जीवन में उत्साह उमंग एवं जीवंतता का संदेश लेकर आता है। अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी के प्रयासों की जानकारी देते हुए सभी लोगों को बधाई दी। काव्य गोष्ठी में शीतल प्रसाद पाटनवार, राम निहोरा राजपूत , रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ अंकुर शुक्ला, डॉ बजरंगबली शर्मा, डॉ विवेक तिवारी, आशीष श्रीवास, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, सनत तिवारी, शत्रुघन जैसवानी, ने शरद पूर्णिमा पर केन्द्रित गीत एवं कविताओं का पाठ किया।

## आयोजन

### लायंस क्लब ने सेवा सप्ताह अंतर्गत भोजन वितरण किया



**बिलासपुर।** लायंस क्लब के द्वारा सेवा सप्ताह का समापन हेमू नगर में कुष्ठ मरीजों को भोजन वितरण के साथ समापन किया गया। इस सेवा सप्ताह के संयोजक लायन असित पाल जुनेजा और लायन श्रीकांत सहारे थे। उन्होंने सप्ताह भर अनेक सेवा कार्य का रूप रेखा बनाया जिसे लायंस क्लब के सभी सदस्यों ने पालन किया। कुष्ठ बस्ती बम्ह विहार के सेवा कार्य में लायन असित पाल जुनेजा लायन श्रीकांत सहारे, लायन डॉ अरूण शुक्ला लायन परमजीत सिंह सलुजा ने विशेष योगदान दिया। सेवा सप्ताह के समापन पर अध्यक्ष लायंस क्लब, डॉ हर्ष पान्डेय ने लायन असित पाल जुनेजा और लायन श्रीकांत सहारे को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अखंड सौभाग्य व पति की दीर्घायु के लिए की जाएगी कामना

> अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला व्रत करवा चौथ शुक्रवार 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रख पारंपरिक वेश में पूजा करेंगी। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि करवा चौथ हिंदू धर्म में मनाया जाने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है।

## करवा चौथ आज

### सुहागिनें निर्जला व्रत रख करेंगी पूजा



**बिलासपुर।** यह पर्व पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक है। करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रख चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत खोलती हैं।

यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए उनके सौभाग्य को बनाए रखने का सबसे बड़ा माध्यम माना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक करने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सभी कष्टों से रक्षा के लिए यह कठिन व्रत रखती हैं।

### करवा, दीया, छलनी की बढ़ी डिमाण्ड

इस पूजा में प्रयुक्त होने वाले करवा की जमकर बिक्री हो रही है। विक्रेता प्रतिभा सागर ने बताया कि करवा को डेकोरेट कर आकर्षक बनाया गया है। जिसे मात्र 50 रूपए में बेची जा रही है। महिलाओं का यह पसंदीदा भी है। वहीं चुनरी, डिजाइनर दीया, छलनी, रंगोली की भी डिमाण्ड है।

### करवा चौथ कार्निवाल आज

36 माल के सामने स्थित ऋषि बंगला में शुक्रवार 10 अक्टूबर को करवा चौथ कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आओ रल मिल भंगडा पावें, नचियॉ, गांऐ ते खुशी मनावें गीत की धुन के बीच महिलाएं सोलह श्रृंगार में यह उत्सव मनाएंगी। आयोजिका नमिता एवं शाइना ऋषि ने समाज के लोगों से इस उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### माता पार्वती ने किया यह व्रत

पौराणिक कथाओं के अनुसार सबसे पहले देवी पार्वती ने भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था। जिससे उन्हें अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिला। करवा चौथ से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। माना जाता है कि करवा चौथ का व्रत पूरी श्रद्धा और नियम से रखने पर विवाहित महिलाओं को दीर्घायु और सौभाग्य का वरदान प्राप्त होता है। महाभारत में द्रौपदी ने अपने पतियों की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण के कहने पर यह व्रत रखा था। जब देवता और असुरों के बीच भयंकर युद्ध हुआ था, तब देवताओं की पत्नियों ने ब्रह्माजी के कहने पर करवा चौथ का व्रत रखा था। जिसके प्रभाव से देवताओं को युद्ध में विजय प्राप्त हुई थी। यह पर्व भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते और नारी के अटूट संकल्प की महानता को दर्शाता है।

# संगीत शिक्षा प्रणाली को व्यवहारिक बनाने चर्चा

### स्नातक पाठ्यक्रम में सुधार लाने अध्ययन मंडल गठित



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत संगीत के स्नातक पाठ्यक्रम में सुधार हेतु अध्ययन मंडल का गठन किया गया। गठन के बाद एक बैठक आयोजित हुई। इसमें संगीत शिक्षा की प्रणाली को अधिक व्यवहारिक एवं छात्र-केंद्रित बनाने चर्चा की गई। बैठक के बाद पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ संगीत प्राध्यापक पं. डॉ. दीपक बेड़ेकर रायपुर ने कहा कि पं. छन्नूलाल मिश्र भारतीय शास्त्रीय संगीत जगत के ऐसे अनमोल रत्न थे, जिन्होंने काशी की गायकी परंपरा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित किया। उनका गायन केवल स्वर की साधना नहीं बल्कि भक्ति, दर्शन और संस्कृति का सजीव अनुभव था। उनके व्यक्तित्व में गुरु-शिष्य परंपरा की मर्यादा, गहराई और विनम्रता का अद्भुत संगम था। इस अवसर पर डॉ लिकेश्वर वर्मा खैरागढ़, डॉ. संजय श्रीवास्तव बिलासपुर, हिंदी विभाग की डॉ. आगर सहित संगीत एवं हिंदी विभाग के विद्यार्थी, प्राध्यापकगण एवं महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कोजागरी उत्सव में गाए गए भूला-भूलो के गीत

### भगिनी मंडल रेल्वे का आयोजन



**बिलासपुर।** रेल्वे महाराष्ट्र मंडल की महिला इकाई रामदास नगर भगिनी मंडल ने कोजागरी उत्सव उत्साह से मनाया। इस दौरान महिलाओं ने भूला बाई पार्वती एवं भूलो शंकर के पारंपरिक गीत गाए। अंत में सभी को मसाला दूध एवं दाबेली का प्रसाद दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीषा खोटपाल, राखी, स्वाती, अनिता खेडकर, समीक्षा लोणकर, स्वाती, वंदना जोशी, मंजीरी शास्त्री का सहयोग रहा। यह जानकारी भगिनी मंडल की अध्यक्षा शुभांगी शेखर मोने ने दी।

### विजया दशमी उत्सव कल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दाहिर उपनगर बिलासपुर के पारिजात बस्ती का विजया दशमी उत्सव 11 अक्टूबर शनिवार को शाम 4 बजे से महाराष्ट्र मंडल परिसर नेहरू नगर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम सवा 4 बजे पथ संचलन से होगा एवं विजया दशमी उत्सव शाम 5 बजे से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष सेवानिवृत सिविल सर्जन डॉ भगवती प्रसाद चंद्रा एवं मुख्य वक्ता शारीरिक प्रमुख आरएसएस छत्तीसगढ़ प्रांत विश्वास जलताडे होंगे। पारिजात बस्ती के पालक डॉ विनोद निर्मलकर एवं वस्ती प्रमुख गजानन वासुदेव फडके ने कॉलोनीवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# जीडीसी की छात्राओं ने प्राचीन परंपराओं से कराया अवगत



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या विद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छात्राओं ने भव्य शोभा यात्रा निकाल।

शोभायात्रा में स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं के द्वारा प्रतिभागिता की गई। इसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश के करकमलों द्वारा किया गया । इसके पश्चात शोभायात्रा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से होती हुई कार्यालय में समाप्त हुई। अन्य विभाग की छात्राओं ने भी इस शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा से समस्त छात्राओं को अवगत कराना है। विद्यार्थी गण हमारे प्राचीन ऐतिहासिक एवं पौराणिक पात्रों से परिचय प्राप्त कर जीवन की विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की प्रेरणा ग्रहण प्राप्त करें। कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्य के साथ-साथ महाविद्यालय के समस्त विभागों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।



## तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

# बाँस आय के साथ आत्मविश्वास का मजबूत जरिया बना

कार्नर न्यूज

**बिलासपुर।** सीयू के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग और स्किल डेवलपमेंट सेल के द्वारा विभाग के छात्रों के लिए तीन दिवसीय बांसकला पर आधारित कार्यशाला का समापन गुरूवार को किया गया। इसके मुख्य अतिथि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कुलपति ने कौशल विकास पे बल देते हुए कहा कि बांस आज आय के साथ साथ आत्मविश्वास का मजबूत जरिया बन चुका है जरूरत है इसके अंदर छिपे गुणों को पहचानकर विभिन्न कलाकृतियों में उकेरने की। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने आगे कहा कि आज तो आपके पास बांस से बने प्रोडक्ट को बेचने के लिए कई इ-प्लेटफॉर्म उपलब्ध है जहां आप आसानी से अपने सारे प्रोडक्ट बेच सकते हैं। छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर इस कार्यशाला में हिस्सा लिया और एक से एक अद्भुत कलाकृतियों का निर्माण किया जिसमें बाबा गुरु घासीदास का मीनार, बायसन हॉर्न,पानी बॉटल,पेन स्टैंड, मोमेंटो, बैच इत्यादि शामिल रहे। कार्यशाला की समन्वयक डॉ अल्का मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यशालाओं से छात्र छात्राओं में स्किल डेवलपमेंट होता है, उपयोग वो अपनी आजीविका के लिए भी कर सकते हैं। कार्यशाला के सह समन्वयक पीएचडी स्कॉलर शुभम पाठक रहे, कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र मेहता, डॉ शरद चंद्र श्रीवास्तव, सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप

### यादव समाज बरतोरी राज की बैठक कल

**दगोरी।** ठेठवार यादव समाज बरतोरी राज की आवश्यक बैठक 11 अक्टूबर को दोपहर 12 से श्री राधाकृष्ण मंदिर मल्हार में आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता बरतोरी राज अध्यक्ष भरत लाल यादव करेंगे। बैठक में 2026 में सामाजिक कैलेंडर प्रकाशन, दीपावली मिलन समारोह, सामाजिक समरसता भ्रमण, विवाह योग्य पुत्र-पुत्री की जानकारी सहित छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा भाटापारा की आगामी त्रैमासिक बैठक में विचार के लिए रखे जाने वाले विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### आरएसएस का पथसंचलन कल

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष असीम स्नेह और उत्साह जनक सहभागिता से अपने उद्देश्य प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील है। इसी तारतम्य में नगर का पथ संचलन कार्यक्रम 11 अक्टूबर दिन शनिवार को आयोजित किया गया है। समस्त स्वयंसेवक, विविध संगठनों के बंधु तथा समाज के सभी आत्मीयजनों से अपील की गई है कि, संघ के पूर्ण गणवेश में दोपहर 2.30 बजे पथ संचलन में शामिल होवें।

### ग्रामीण के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** जमीन पर कब्जा दिलाने गए व्यक्ति के साथ दो लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनपहरी निवासी त्रिपाल बसोड़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 8 अक्टूबर की शाम 4 बजे वह अपनी बिक्री की हुई जमीन पर कब्जा दिलाने आया था। इसी दौरान साधराम व अनिल गोंड़ उसके पास आए और हमारे गांव क्यों आए हो कहकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### सुहाग की लंबी उम्र की कामना के साथ रखेंगी निर्जला उपवास

# महिलाओं में करवा चौथ का उत्साह, सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



श्रृंगार के साथ करवा चौथ का व्रत मनाने महिलाएं जुटी हुई हैं। व्रत के पहले बाजार मे करवा चौथ से संबंधित करवा एवं श्रृंगार सामाग्रियों की दुकानें लग गई हैं। अखण्ड सुहाग के लिए शुक्रवार को सुहागिनें निर्जला व्रत रखेंगी।

सुहाग की सलामती एवं लम्बी उम्र के लिए महिलाएं शुक्रवार 10 अक्टूबर को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस व्रत को खास बनाने के लिए महिलाओं के साथ नव विवाहिताओं की तैयारियां भी जोरों से चल रही हैं। बाजार में करवा चौथ से संबंधित सामग्रियों की दुकानें लग गई है। महिलाओं ने श्रृंगार सामग्रियों के साथ करवा एवं आवश्यक पूजा सामग्री की भी खरीददारी की जा रही है। तैयारी में जुटी महिला ने बताया कि, कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को यह व्रत महिलाओं द्वारा अपने पति के दीर्घायु के लिए रखा जाता है। पति की दीर्घायु और मनवांछित वर की कामना करते हुए महिलाएं व युवतियां आस्था के साथ इस दिन निर्जला उपवास रखती हैं। त्योहार को लेकर नई दुल्हनों में विशेष उत्साह रहता है। इस दिन खास तौर पर श्रृंगार का सामान और नए कपड़ों का ज्यादा क्रेज रहता है। सज-संवर कर महिलाएं शाम को मंदिरों एवं घरों में पूजा करती हैं एवं रात को चांद देखने के बाद ही पारण करती हैं। करवा चौथ के लिए महिलाएं बाजार में खरीदारी करने पहुंच रही हैं, जिसमें सुहागिनों की पहली पसंद कांच की चूड़ियां व साड़ी हैं। करवा चौथ के दिन यह व्रत सूर्योदय से पहले शुरू होकर रात में चंद्रमा के दर्शन तक पूरा होता है। पति के दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए निराहार उपवास रखकर शाम को गणेशजी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि संकल्प लेने से पति की आयु बढ़ जाती है और महिलाओं को भी अखंड सौभाग्य का वर प्राप्त होता है। इस व्रत में करवा का विशेष महत्व होता है।

### महिलाएं रखेंगी पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत

■ बाजार व ब्यूटी पार्लर में भारी भीड़

**लोरमी।** करवा चौथ के लिए विवाहितों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूजा सहित अन्य सामग्रियों की खरीददारी की जा रही है। पूजा के पहले श्रृंगार के लिए ब्यूटी पार्लर में वेटिंग चल रही है। इस दिन सुहागिन स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु व सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत करती हैं। करवा चौथ हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस साल करवा चौथ व्रत शुक्रवार 10 अक्तूबर को है। करवा चौथ में कुछ जगहों पर सूर्योदय से पूर्व सरगी खाने की परंपरा है। करवा चौथ के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 40 मिनट ज्योतिष शास्त्र में ब्रह्म मुहूर्त को कल्याणकारी माना गया है। करवा चौथ व्रत में सुहागिन स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान कार्तिकेय और गणेश जी के अलावा करवा माता की पूजा करती हैं। इस बार करवा चौथ व्रत सुबह 6 बजकर 19 मिनट से प्रारंभ होगा और रात 8 बजकर 13 मिनट तक रखा जाएगा। हेमलता खत्री का कहना है कि, वे विवाह के बाद होकर यहां आई हैं। राजस्थान में रीति- रिवाज को लेकर बेहद संजीदा रहना पड़ता है। इस वैदिक परंपरा के निर्वहन के लिए करवाचौथ पर संध्याकाल तक व्रत रखकर पूजा अर्चना करती हूं। आशा अग्रवाल ने कहा किस करवा चौथ के लिए वे काफी पहले से तैयारी करती हैं। सोलह श्रृंगार के साथ पूजा-अर्चना करती हैं एवं व्रत के दौरान वे सभी नियमों का पालन करती हैं, क्योंकि यह व्रत पति की लंबी आयु के लिए रखा जाता है। उन्होंने बताया कि, परिवार की सभी सुहागिन महिलाएं विधि-विधान से करवा माता की कथा सुनती हैं। इसके बाद पति की उपस्थिति में पूजा कर व्रत तोड़ा जाता है। श्वेता केशरवानी का कहना है कि, करवा चौथ व्रत में सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व है। सुहागिन प्रीति अग्रवाल ने कहा कि, महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं एवं चलनी से चांद को देखकर कर व्रत तोड़ा जाता है। सिख समुदाय से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि, पति की दीर्घायु की कामना को लेकर व्रत रखा जाता है।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, लगी आग



**बिलासपुर।** रतनपुर से पोड़ी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार सिल्ली मोड़ के पास सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई। इसके बाद कार में आग लग गई। कार सवार तत्काल उतरकर किसी तरह अपनी जान बचाई। आग लगने से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

रतनपुर थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि नेवसा के उसराभाठा निवासी मुकेश कुमार कोरी 28 वर्ष अपने दोस्त सतीश कश्यप को साथ लेकर पोड़ी जा रहे थे। दोनों सिल्ली मोड़ गहलानाला के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से बचने के चक्कर में युवकों की कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद कार सवार युवक नीचे उतरे। इसी बीच कार में आग लग गई। जब तक युवक कुछ समझ पाते कार धू-धू कर जलने लगी। किसी ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जब तक आग पर काबू पाते तब तक कार पूरी तरह जल गई थी।

## कुष्ठ मुक्त गांव बनाने लिया गया संकल्प



**धरमपुरा।** कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र दशरंगपुर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मीचंद मोहले उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच मोहले ने कहा कि, हमें भारत को कुष्ठ मुक्त बनाना है, इसके लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर तुरंत जांच कराना चाहिए। यह कोई पाप का फल या नहीं, हमें इस भ्रांति से बाहर होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महात्मा गांधी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के समस्त स्टाफ ने गांव को कुष्ठ मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

## परचम कुशाई के साथ 67वां सालाना उर्स शुरू

**सीपत।** बाबा सैय्यद इंसान अली के 67वें सालाना उर्स का आगाज गुरुवार को परचम कुशाई के साथ हुआ। सुबह 11 बजे लुतरा शरीफ में इंतेजामिया कमेटी, खादिम, मुस्लिम जमात, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों जायरीनों की मौजूदगी में झंडा फहराया गया।

इस दौरान नागपुर की जमील मैकस मटका पार्टी ने बाबा इंसान अली शाह के नाम पर कलाम पेश कर माहौल को सूफियाना बना दिया। परचम कुशाई के जुलूस में मलंग और कलंदरों की टोली ने अपने पारंपरिक करतबों से लोगों को हैरत में डाल दिया। साथ ही आतिशबाजी और रंग-बिरंगे कागजों की बारिश ने दरगाह परिसर को रोशन कर दिया। उर्स के पहले दिन दोपहर 3 बजे संदल चादर दरगाह से निकाला गया। संदल



जुलूस मटका पार्टी के साज-संगीत के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए दादी अम्मा की दरगाह पहुंचा, जहां चादर पेश कर अमन-ओ-शांति की दुआ मांगी गई। जायरीनों की भारी भीड़ को देखते हुए इंतेजामिया कमेटी ने विशेष लंगर का इंतजाम किया। 24 घंटे जारी इस लंगर में चाय-नाश्ता, शाकाहारी प्रसाद और बुजुर्गों व शुगर के मरीजों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। रात 9 बजे ऑल इंडिया नातिया तरही मुशायरा का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर के मशहूर उर्दू शायर मोहम्मद अली फैजी, नदीम रजा फैजी, गुलाम नूरे मुस्सम और जैनुल आबेदीन ने अपनी शायरी से देर रात तक महफिल सजाई। मुशायरे का संचालन शायर कफील अम्बर अशरफी ने किया।

### उचित मूल्य दुकान संचालन लिए मंगाए गए आवेदन

**मुंगेली।** जिले में संचालित विभिन्न शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 28 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि, ग्राम बोधापारा, कोहड़िया, हेड़सपुर, चातरखार, देवरी क, खेढ़ा, टेमरी, धनगॉव च, करही ध और चिरहुला में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, नीलम रानी अग्रवाल, पति रमेश कुमार अग्रवाल, निवासी हाउस नंबर 640, वार्ड नंबर 30, हरकिशन कॉलोनी, पीजीबीटी कॉलेज के पास, तरबाहर चौक, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495001, ने अपना नाम बदलकर नीलम अग्रवाल कर लिया है। अब से सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नीलम अग्रवाल, पति रमेश कुमार अग्रवाल ही माना जाए।

**नीलम अग्रवाल**
पति रमेश कुमार अग्रवाल निवासी हाउस नंबर 640, वार्ड नंबर 30, हरकिशन कॉलोनी, पीजीबीटी कॉलेज के पास, तरबाहर चौक, बिलासपुर छत्तीसगढ़ - 495001

* **मुंगेली।** सभी किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 21 तक

**मुंगली।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पार्श्व चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में 21 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थी को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 8वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। कक्षा 9वीं में चयन हेतु 9 और कक्षा 11वीं के लिए वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के साथ ही वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
अ.प्र.क्र.202410060100014/अ-89 (15) /2023-24 ग्राम -सेमरिया तहसील-पामगढ़
पक्षकार :- माधुरी सिंह पिता श्री जवाहर सिंह निवासी सेमरिया पुरानी बस्ती विकास खण्ड पामगढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** भारती गोंड़ पिता राम कुमार गोंड़ वगैरह
प्रति,
लता कुमार पिता राजेश कुमार गोड़ निवासी डिघोरा पति श्रवण हाल मुकाम कौडिया थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)
अपीलार्थी माधुरी सिंह पिता श्री जवाहर सिंह निवासी सेमरिया पुरानी बस्ती विकास खण्ड पामगढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ जिला जांजगीर-चांपा द्वारा आंगनबाड़ी नियुक्ति आदेश दिनांक 12.07.2024 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 10/10/2025 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिय सयम किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवानो प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए नियत दिनांक 10/10/2025 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगा कर जारी किया गया।
**अतिरिक्त कलेक्टर**
**जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना**
प्रति,
1. सावित्री बाई पिता दीनदयाल 2. लक्ष्मी सिंह ठाकुर पति फुलझर 3. समीना अरसी 4. रंजना पति आनंद जायसवाल 5. सुनील पिता कार्तिक राम 6. उर्मिला भारती पति शोभनाथ 7. रामेश्वरी कौशिक पति राजाराम कौशिक 8. कांतिबाई पति गोविन्द राम 9. सुखनंदन यादव पिता दिलहरण 10. यश कुमार पाण्डेय पिता राजकुमार पाण्डेय 11. रेखा फोटानी पिता अशोक फोटानी 12. जुगल दस वैष्णव पिता रामदास 13. अनीता गुप्ता पति दिनेश कुमार गुप्ता 14. जब्बार हुसैन पिता अहमद हुसैन 15. राहुल केमरानी पिता इंद्र कुमार 16. कमला बाई पति विनायक राव 17. लक्ष्मी भोसले पति दीपक भोसले 18. सरोज चौहान पति राधेलाल 19. राजेंद्र कुमार जांगड़े पिता पवन 20. विजय कुमार पिता बिंदा प्रसाद 21. गुलाबा बंजारे पति जय बंजारे
**विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।**
संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार/अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 14/05/2025
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम घुरु प.ह.न 61 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 337/5 रकबा 0.021 एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी अब्दुल हुसैन पिता अहमद हुसैन निवाशी घुरु के द्वारा सीमांकन स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 14/10/2025 को समय 12.00 बजे किया जावेगा।
अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
अतः सुचना जाने।
टिप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायलय तहसीलदार/अति.तह./ना. तह. को सूचनार्थ 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ
**राजस्व निरीक्षक**
**सकरी**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/विज्ञप्ति**
रा.प्र.क्र.- 202507074700065/ अ-6/2024-25
पक्षकार :-मनोज गुप्ता पिता स्व. रामलाल गुप्ता आवेदक **बनाम** सुंदरबाई पति सुंदर लाल वगै... अनावेदिकागण
एतद् द्वारा 1. बैजनाथ प्रसाद पिता स्व. मनोहर लाल 2. विजय बहादुर पिता स्व. मनोहर लाल 3. गुगिया बाई पिता स्व. मनोहर लाल सभी निवासी गोड़पारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 31 प्लाट नं 107/2 रकबा 297 व.फु. भूमि जो वर्तमान नजूल अभिलेख मे आवेदक के नाम पर दर्ज है आवेदक के पिता आवेदित भूमि को अनावेदकगण से विक्रय कर नामांतरण कराने पर प्लाट नं. 107 मे से आवेदक को 107/2 रकबा 297 व.फु. प्राप्त हुआ। परन्तु आवेदक प्लाट नं. 125/1 रकबा 720 में से 297 व.फु. पर काबिज है जो वर्तमान मे अनावेदक क्रमांक 04 से 6 (बैजनाथ, विजय बहादुर, मुंगिया) के नाम पर दर्ज है आवेदक के नाम पर 125/1 रकबा 297 व.फु. एवं प्लाट नं. 107/2 रकबा 297 व.फु. अनावेदक क्रमांक 01 से 3 के नाम दर्ज करते हुए अभिलेख सुधार किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है।
अतः इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 15/10/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।
आज दिनांक 06/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार झंकार अग्रवाल से विक्रेता मोहरसाय घृतलहरे के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम लिमतरा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. व तहसील - मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमशः 207/6 शामिल खसरा नं. 208/1, 591, 592/1, 632, 662/4 रकबा 1.284 हे., रकबा 0.016 हे., रकबा 0.133 हे., रकबा 0.324 हे., रकबा 0.235 हे., भूमि को मेरे पक्षकार के साथ विक्रय करने का रजिस्टर्ड इकरारनामा दिनांक- 05/02/2025 को मस्तूरी मे निष्पादित कर अग्रिम बयाना राशि लिया गया है, अब वर्तमान में विक्रेता के द्वारा किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है, कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सरकारी, गैर सरकारी संस्था उक्त भूमि को क्रय विक्रय करने का समव्यवहार एवं सौदा न करे, मेरे पक्षकार के रजिस्टर्ड इकरारनामा एवं प्रकाशन के पश्चात किया गया सौदा शून्य माना जावेगा, एवं नुकसानी के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचना जाने
भवदीय
सुवेंदु नस्कर (अधिवक्ता)
पता-लाल खदान रेलवे क्रॉसिंग चर्च के पास, थाना - तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-81564

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार झंकार अग्रवाल से विक्रेता मोहरसाय घृतलहरे के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम लिमतरा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. व तहसील - मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमशः 791/2, 792 / 1, 795, 797, 798, 799/1, 805/2, 805/3, 807/1, 939, रकबा 0.008 हे., रकबा 0.024 हे., रकबा 0.024 हे., रकबा 0.004 हे., रकबा 0.008 हे., रकबा 0.008 हे., रकबा 0. 008 हे., रकबा 0.020 हे., रकबा 0.020 हे., रकबा 0.016 हे., भूमि को मेरे पक्षकार के साथ विक्रय करने का इकरारनामा दिनांक- 15/02/2025 को निष्पादित कर अग्रिम बयाना राशि लिया गया है, अब वर्तमान में विक्रेता के द्वारा किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है, कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सरकारी, गैर सरकारी संस्था उक्त भूमि को क्रय-विक्रय करने का समव्यवहार एवं सौदा न करे, मेरे पक्षकार के इकरारनामा एवं प्रकाशन के पश्चात किया गया सौदा शून्य माना जावेगा, एवं नुकसानी के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचना जाने
भवदीय
सुवेंदु नस्कर (अधिवक्ता)
पता-लाल खदान रेलवे क्रॉसिंग चर्च के पास, थाना - तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-81564

**न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र मे ईश्तहार प्रकाशन**
रा.प्र.क. 202509250300017/अ-6/ 2024-25 ग्राम मजगांव, तहसील लोरमी दिनांक 06.10.2025
एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मजगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रघुनंदन सिंह राजपूत पिता भीखम सिंह राजपूत + 02 अन्य निवासी ग्राम मजगांव, तहसील लोरमी जिला-मुंगेली के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम मजगांव पहन 29 तहसील लोरमी जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 88 रकबा 0.785 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में रामजी, प्रेमलाल, आजूराम पिता ननकुसिया वगैरह के नाम पर दर्ज है। यह कि सहखातेदार भीखम की मृत्यु दिनांक 04.04.2008 को, करिया की मृत्यु दिनांक 01.01.1945 को, गजानंद की मृत्यु दिनांक 12.01.2012 को, उमेदा की मृत्यु दिनांक 26.01.2010 को तथा तिलक सिंह, परमोधी, मुकुतराम, प्यारेलाल, प्यारीबाई, मुक्तिबाई, तिरथराम एवं हीरामती, पुसबल की भी मृत्यु हो चुकी है। अतः आवेदकगण के द्वारा मृतकों के विधिक वारिसानों के नाम फौती नामांतरण दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया गया है। अतः जिस किसी व्यक्ति को/संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21.10.2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।
अतः आज दिनांक 06.10.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय-श्रीमान देवेन्द्र कुमार दीक्षित व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
कपुर बाई उर्फ कमला बाई कुर्रे..आवेदक/वादी
**विरूद्ध** आम जनता+01 अन्य...अनावेदक/प्रतिवादी
व्य.वाद क्र. 39-ए/2025
पेशी दिनांक 23/10/2025
प्रोसेस क्रमांक- 647/25
एतद् द्वारा प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता ग्राम-खपरीखुर्द तह. लोरमी जिला-मुंगेली (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि वादी कपुर बाई उर्फ कमला बाई कुर्रे विरूद्ध आम जनता वगैरह ने मेरे न्यायालय में दावा वास्ते कपुर बाई उर्फ कमला बाई कुर्रे एक ही व्यक्ति का नाम होने की उदघोषणा बाबत का इस न्यायालय में वाद पेश किया है जिस पर दिनांक 23/10/2025 को सुनवाई किया जाना है व उक्त प्रकरण में मेरे न्यायालय में नियत किया गया है।
अतः प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता ग्राम-खपरीखुर्द तह. लोरमी जिला-मुंगेली (छ.ग.) को इस समंस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे मामले के बारे मे पुरी जानकारी हो सुनवाई दिनांक 23/10/2025 को प्रातः 11:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता ग्राम खपरीखुर्द तह. लोरमी जिला-मुंगेली (छ.ग.) की अनुपस्थिति रहने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही कर व्यवहार वाद में अग्रिम सुनवाई की जावेगी। उक्त तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश होने पर मामले की सुनवाई अगामी न्यायालयीन कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 26/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से समंस/सूचना जारी किया गया।
दिनांक:-26/09/2025
**श्री देवेन्द्र कुमार दीक्षित**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम- हरनाचाका, प.ह.नं. 22
तह. लालपुर, जिला मुंगेली
पक्षकार-श्री प्रताप सिंह
**बनाम** छ.ग. शासन।
आवेदक श्री प्रताप सिंह पिता संतोष सिंह, निवासी ग्राम हरनाचाका, तहसील लालपुर, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम हरनाचाका, प.ह.नं. 22, तहसील लालपुर थाना, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 281/1 रकबा 0.1130 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, किसान किताब, अधिकार अभिलेख, मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।
उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.10.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 06.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**



**खबर संक्षेप**

## जयराम नगर समपार बंद रहेगा कल



**बिलासपुर।** एसईसीआर बिलासपुर डिवीजन के जयरामनगर स्टेशन यार्ड में स्थित मानव सहित समपार जयरामनगर फाटक में 11 अक्टूबर शनिवार की सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चेक रेल नवीनीकरण कार्य किया जाएगा, जिसके कारण सड़क यातायात बंद करने का निर्णय लिया गया है। समपार कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में स्थित पाराघाट व जूठी सबवे एवं परसदा फाटक से उपलब्ध रहेगी।

## सीईटीए की विकास कार्यशाला कल

**बिलासपुर।** बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को ध्यान में रख कर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन 11 अक्टूबर को आईएमए हाल में सीईटीए के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह कार्यशाला छात्रों के लिए शाम 4 बजे से 5.30 बजे तक होगी। वहीं अभिभावकों व शिक्षकों के लिए 5.30 बजे से शाम 7 बजे तक होगी। इस कार्यशाला का संचालन शिक्षाविद् प्रो. कृष्ण मोहन कोत्रा करेंगे, जो वर्तमान में कजाख़स्तान में मनोविज्ञान के प्रोफेसर हैं। आइना कार्यशाला शिक्षकों के लिए एक अनुभवात्मक और चिंतनशील सत्र है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक समझ को गहराई से विकसित करना है। इस सत्र में कक्षा में मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के मानकों की पहचान, स्ट्रेस के कारण, निदान, आदि विषयों पर संवाद किया जाएगा । इस सत्र में हम बात करेंगे कि स्ट्रेस एक आम बात है, परन्तु उसकी सही पहचान और उसे प्रोसेस करना आना चाहिए । बच्चों को व्यक्तिगत और सामूहिक तौर पर स्ट्रेस हैंडल करने के स्वस्थ तरीके सीखाया जाएगा । यह सत्र सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा के सिद्धांतों पर आधारित है।

### विस की आश्वासन समिति ने की अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट की जांच

# सीवरेज प्रोजेक्ट में लापरवाही, समिति ने पूछा जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधानसभा की शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति के तहत विधायकों की टीम गुरुवार को अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट की जांच करने पहुंची, टीम ने अरपा में नाले का गंदा पानी जाने को लेकर नाराजगी जताई।

■ अरपा नदी में नाले का गंदा पानी जाने पर जताई नाराजगी

विधानसभा में सत्र के दौरान वर्ष 2020 से लेकर 2022 के बीच अलग-अलग समय पर बिलासपुर में अंडरग्राउंड सीवरेज का मामला उठता रहा और सीवरेज को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार के विभागीय मंत्री की ओर से जांच कराने का आश्वासन दिया गया था। इसी के तहत आज विधानसभा की शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति के सभापति विधायक भईयालाल राजवाड़े सहित सदस्य विधायक मोतीलाल साहू, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह एवं विधायक सुशांत शुक्ला अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट की जांच करने पहुंचे थे। विधायकों की टीम सबसे पहले रिवर व्यू गई, जहां पर अरपा नदी में नाला का प्रवाहित गंदा पानी को लेकर विधायकों ने नाराजगी जताई। विधायकों ने कहा स्मार्ट सिटी तहत यहां सड़क के दोनों ओर नाले का निर्माण कराना था जो अब तक कागजों में है। यह भी पूछा गया कि नदी में स्मार्ट सिटी अंतर्गत सड़क का निर्माण कराया गया है, क्या इसके लिए पर्यावरण से एनओसी लिया गया है। इस पर निगम के अधिकारी बगले झांकते नजर आए। विधायकों की टीम ने पचरीघाट एचटीपी का निरीक्षण किया और वहां से दोमुहानी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और राजकिशोरनगर पंपिंग स्टेशन तथा कोनी एचटीपी का भी निरीक्षण किया। वहां पर ट्रीटमेंट प्लांट, पंपिंग स्टेशन के कार्यप्रणाली की जानकारी ली। अंडरग्राउंड सीवरेज को लेकर भी बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि क्या इस प्रोजेक्ट का पहले टोपोग्राफी सर्वे कराया गया है, इसका भी निगम अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं था। शहर में अधूरे पड़े सीवरेज प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने के बाद विधायकों की टीम सर्किट हाउस पहुंचकर मिंटिंग ली। इसमें नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सीवरेज का ठेका कंपनी सिम्पलेक्स को टर्मिनेट कर दिया गया है।


निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त से सवाल जवाब करते विधायक सुशांत शुक्ला।

### वर्ष 2008 में चालू हुआ था प्रोजेक्ट

पुराने नगर निगम सीमा क्षेत्र बिलासपुर शहर में वर्ष 2008 में अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ था। शुरूआत में इस काम को पूरा करने के लिए दो साल की अवधि निर्धारित की गई थी। लेकिन साल दर-साल सीवरेज परियोजना की समय सीमा और लागत बढ़ती चली गई। इस तरह इस प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 422 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जिसमें लगभग 380 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुका है।

### कर रहे हैं निरीक्षण

अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने आए हैं और निरीक्षण कर सभी जगहों को देख रहे हैं जहां-जहां सीवरेज का काम हुआ है। सीवरेज का लगभग सभी जगह अधूरा काम पड़ा है साथ ही कहां-कहां, क्या-क्या काम हुआ, क्या गड़बड़ी हुई, उसे कैसे ठीक किया जा सकता है ये सारी चीजें देख रहे हैं।

-भैईयालाल राजवाड़े
विधायक एवं सभापति विस आश्वासन समिति

## जान से मारने की धमकी देकर रिवाल्वर लहराते युवक का वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में हिस्ट्रीशिटर मैडी को रिवाल्वर लहराकर जान से मारने की धमकी देते युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। उसके बाद से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है।



पुलिस वीडियो बनाने वाले युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। गुरूवार को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में एक युवक के द्वारा हाथ पिस्टल लहराते हुए हिस्ट्रीशिटर रितेश निखारे उर्फ मैडी को जान से मार देने की धमकी देने का वाडियो वायरल किया गया है। धमकी देने वाले युवक का नाम शिवम मिश्रा बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। पुलिस टीम वीडियो बनाकर सोशल मीडिया डालने वाले युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। बहरहाल देर रात तक पुलिस वीडियो वायरल करने वाले युवक को नहीं पकड़ पाई है। शहर में चर्चा है कि युवक ने शहर में अपना वर्चस्व कायम करने  के फेर में वीडियो वायरल किया है। इन दिनों में शहर में कई बदमाशों के द्वारा गुर्गो का गेंग बनाकर गुण्डागर्दी की जा रही है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया कि वीडियो वायरल करने वाले युवक की तलाश की जा रही है।

## दिन भर गर्मी व उमस, शाम होते बदला मौसम, हुई बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून लौट रहा है, शुक्रवार को दिन भर खिली धूप रही और गर्मी व उमस ने हाल बेहाल कर दिया, लेकिन शाम होते ही मौसम का मिजाज बदलने लगा। शाम होते-होते कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी होती रही।

प्रदेश में निम्न दाब का असर कम हो चुका है, ऐसे में बारिश भी थमने लगी है। शुक्रवार को जहां सूरज की तपीस के कारण अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री पर जा पहुंचा और लोगों को दिन भर उमस भरी गर्मी का एहसास होता रहा, लेकिन शाम 5 बजे के बाद आसमान पर बादल छाने लगे और अगले ही पल बूंदाबांदी हुई। हालांकि लोगों को इससे राहत मिली। मौसम जानकारों के अनुसार आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है, द्रोणिका का असर कम चुका है, ऐस में दक्षिण पश्चिम मानसून के लौटने के आसार बन चुके हैं।



## कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदारों को पार्टी से निष्कासन की देनी होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संगठन सृजन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार केन्द्रीय पर्यवेक्षक शुक्रवार को बिलासपुर आ रहे हैं। उनके साथ राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री धनेश पाटिल एवं नरेश ठाकुर भी आ रहे हैं। वे यहां विधानसभावार कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी करेंगे।

■ केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनकर मप्र से नेता प्रतिपक्ष सिंघार आ रहे आज

संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए जितने भी लोग दावेदारी करेंगे, उन्हें पार्टी की ओर से निर्धारित प्रारूप में आवेदन देना होगा। इस आवेदन में पूरी जानकारी के साथ ही यह भी बताना होगा कि उन्हें कभी पार्टी से निष्कासित किया गया है या उन्होंने कभी पार्टी छोड़ी है। उनके खिलाफ कहीं किसी तरह का आपराधिक मामला तो दर्ज नहीं है। दावेदारों को यह भी बताना होगा कि वे जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष क्यों बनना चाहते हैं और उन्हें अध्यक्ष क्यों चुनना चाहिए। इसी तरह किसी अन्य राजनैतिक पार्टी के सदस्य रहे कि नहीं, पार्टी के ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लिया, सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे तथा कभी चुनाव लड़ा है क्या, आदि सारी जानकारी आवेदन में देना होगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी ने नए कांग्रेस अध्यक्षों के नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए हैं। बिलासपुर व मुंगेली जिले के लिए मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को पर्यवेक्षक बनाया गया है जो 10 अक्टूबर को बिलासपुर पहुंच रहे हैं। पर्यवेक्षक श्री सिंघार यहां उसी दिन दोपहर में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कमेटी, कार्यकर्ताओं से उसके बाद शाम को कोटा विधानसभा के ब्लॉक कमेटी, कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर संगठन सृजन अभियान के संबंध में चर्चा करेंगे। अगले दिन 11 अक्टूबर को मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र तथा बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कमेटी, कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। 12 अक्टूबर को बिलासपुर विधानसभा और बेलतरा विधानसभा के ब्लॉक कमेटी व कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर रायशुमारी करेंगे। 13 अक्टूबर को पर्यवेक्षक श्री सिंघार मुंगेली जिला जाएंगे और मुंगेली एवं लोरमी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कमेटी और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर संगठन सृजन अभियान के संबंध में बात करेंगे।

### राज्य के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त

कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया के लिए छत्तीसगढ़ के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें सप्तगिरी उल्का, अजय कुमार, सुबोध कांत सहाय, उमंग सिंगार, आरसी खुंटिया, राजेश ठाकुर, विवेक बसंल, डॉ. नितिन राउत, श्याम कुमार बर्वे, प्रफुल्ल ग्रोथ, चरण सिंह सपरा, विकास ठाकरे, सुश्री हिना कार्पेट, सुश्री रीता चौधरी, एसएमटी रेहाना रेयाज चिश्ती, अजमतुल्लाह हुसैनी, सीताराम लम्बा को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### अभय व सीमा का निष्कासन निरस्त



नगर निगम चुनाव के बाद जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा संभागीय प्रवक्ता अभयनारायण राय और पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीमती सीमा पाण्डेय पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इन दोनों का निष्कासन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। नगरीय निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस में भितराघात, खुलाघात को लेकर शिकायतें हुई थी। शहर एवं जिला दोनों ही कांग्रेस कमेटी की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की गाज कई कांग्रेसियों पर गिरी थी और कुछ लोगों को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। इनमें अभयनारायण राय, मनिहार व इशहाक, पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीमती सीमा पांडेय शामिल थीं। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग जांच कमेटी यहां भेजी थी और कमेटी के सामने दोनों पक्षों से पूछताछ हुई थी। आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अभयनारायण राय एवं सीमा पांडेय दोनों को निष्कासन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

आपका प्यार और आपके संस्कार,
आज भी हमारे जीवन का आधार

प्रथम पुण्यतिथि


स्व. श्री चंदूलाल साहू जी (पति)

एक वर्ष पूर्व आज ही के दिन
आप हमे छोड़कर चली गयी थी
आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, मार्गदर्शन, आशीर्वाद
हमारे लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेंगे

आज प्रथम पुण्यतिथि पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजली शत्-शत् नमन..

:: कार्यक्रम स्थल::
निज निवास, ग्राम भुसण्डी
(भुसण्डी ग्राम जरहागांव से उत्तर दिशा में सेमरसल रोड में स्थित है।)


स्व. श्रीमती गंगा देवी साहू
जन्म: 20.05.1949 निर्वाण : 20.10.2024

श्रद्धावनत : श्री रामचरण, श्रीरामनाथ, रामप्रसाद, खोरबहरा, दिनेश, सुरेश, तुलसी, जितेन्द्र, विरेन्द्र, ओंकार, भागवत, ऋषभ, कान्हा, शिवम, प्रीतम, रूद्रप्रताप, गणेश, महेश नीलेश कुमार, सनी, पुनीत, संतोष एवं समस्त साहू परिवार भुसण्डी

विनीत: उमेश साहू -शिक्षक उमाशंकर साहू -जिला पंचायत सदस्य मो. 9893121785, 9754428224

नोट : जिन स्नेहीजनों को आमंत्रण ना मिला हो वे इसे ही आमंत्रण मानकर पहुंचने की कृपा करें।

## खबर संक्षेप

### राशन दुकान संचालन हेतु आवेदन 13 तक

**रतनपुर।** कोटा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एसडीएम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका रतनपुर के वार्ड 5, 9, 11, नगर पंचायत कोटा के वार्ड 10 व 11 एवं ग्राम पंचायत खुरदुर, सोनसांय नवागांव, सोनपुरी, चंगोरी, दवनपुर, छेरकाबांधा, बहेरामुड़ा, खैरझिटी, शक्तिबहरा, कोंचरा, सीस, खैरा, लमकेना, नेवारीबहरा, आमामुड़ा व भरदैयाडीह के उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में प्राथमिक कृषि साख समितियां, वन सुरक्षा समितियां, महिला स्व-सहायता समूह एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां 13 अक्टूबर 2025 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन संबंधित एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकती हैं। आवेदन के साथ संस्था का पंजीयन प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

### कुर्मी तिहार का आयोजन 11 को

**तखतपुर।** श्रेष्ठी कुर्मी समाज विकास समिति के संयोजकत्व में सामुदायिक भवन का भूमि पूजन, सम्मान समारोह व कुर्मी तिहार का आयोजन 11 अक्टूबर शनिवार को ग्राम देवरी में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक धमर्जीत सिंह उपस्थित रहेंगे एवं अध्यक्षता श्रेष्ठी कुर्मी समाज के अध्यक्ष घनश्याम कौशिक करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी मौजूद रहेंगे। सम्मानित अतिथि में लखन लाल कौशिक, जयलाल कौशिक, शिव बालक कौशिक, रामकुमार कौशिक रहेंगे। 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक शोभा, विद्या यात्रा, प्रतिभा सम्मान, वरिष्ठ कृषक सम्मान दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक भूमि पूजन शिलान्यास एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की बैठक 12 को

**मुंगेली।** किसानों की समितियों को बचाने छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की प्रदेश स्तरीय निर्णायक बैठक 12 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर प्रदेश भर के लगभग 13 हजार सहकारी समिति कर्मचारियों से जुड़े संगठन की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक 12 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित की जा रही है। यह बैठक राज्य की 2058 सहकारी समितियों एवं 2739 धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुलाई गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के जिला अध्यक्षगण, प्रदेश कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ के प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सहकारी समिति कर्मचारी संघ मुंगेली के जिला अध्यक्ष भोलाराम यादव ने दी।

## निधन

### सरयु देवी शर्मा



**बिलासपुर।** बेलसरी तखतपुर निवासी सरयू देवी शर्मा उम्र 83 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र विवेक शर्मा ने दी। वे विवेक, शशि प्रभा, माधुरी व विद्या शर्मा की माता थीं। उनका वर्तमान निवास बंगालीपारा सरकंडा है।

### आयशा खातुन



**बिलासपुर।** रोहिणी विहार फेस-2 निवासी आयशा खातुन का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उन्हें शुक्रवार 10 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे मरीमाई कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे अब्दुल मजीद, मतीन, शाहीद कुरैशी की मां थीं।

### अजब देवांगन



**मुंगेली।** नगर के सदर बाजार स्थित ए रामा टेलर्स के संचालक अजब देवांगन का 70 वर्ष की आयु में गुरुवार 9 अक्टूबर की शाम 5 बजे उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे रामअवतार देवांगन एवं टीकमचंद देवांगन के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 10 अक्टूबर को देवांगन समाज के मुक्तिधाम में किया जाएगा। इनकी अंतिम यात्रा इनके निवास स्थान से सुबह 11 बजे निकाली जाएगी।

## आत्मानंद स्कूल की 132 छात्राओं को दी गई साइकिल

# लड़कों की तुलना में लड़कियां ज्यादा सफल: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय सरगांव में निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुल मिलकर 132 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई।



छात्राओं को सायकल का वितरण करते धरमलाल कौशिक।

इस मौके पर विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, शिक्षा के प्रसार हेतु छात्राओं को प्रदत्त सुविधाएं उनके उज्जवल भविष्य के लिए वरदान सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार ने सरगांव में 8 करोड़ से अधिक की लागत से कई शैक्षणिक संस्थाएं बनाई, ताकि क्षेत्र की बच्चियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। आज अगर देखा जाए तो लड़कों की तुलना में लड़कियां ज्यादा सफल नजर आ रही हैं, यह हमारी सरकार की सफलता है। आज ही हमने अपनी सरकार से नगर पंचायत सरगांव में स्थित महाविद्यालय में पीजी कोर्स संचालित करने के लिए पत्र लिखकर मांग रखी है। बहुत ही जल्दी हमारे सरगांव महाविद्यालय में पीजी कोर्स प्रारंभ हो जाएंगे, ताकि बच्चियों बाहर जाने की जरूरत ना पड़े।

नगर अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा कि, यह सिर्फ साइकिल नहीं है, यह आपके सपनों की उड़ान है। यह आपके सपनों पर पंख लगाकर आपको सफलता के आसमान तक ले जाएगी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पथरिया रेखा चंद्राकर, तहसीलदार अतुल वैष्णव, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नपं अध्यक्ष परमानंद साहू, प्रदेश कार्यकारिणी रणजीत सिंह हैप्पी, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम जुड़ावन साहू, नरेंद्र शर्मा, पोषण यादव, पंकज वर्मा, घनश्याम राजपूत, अशोक ठाकुर, रघु ठाकुर, उदित साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालक उपस्थित रहे।

## खम्हरिया में बालिकाओं को सायकल वितरित

**सीपत।** शासकीय उमा शाला खम्हरिया में गुरुवार को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत बालिकाओं को निशुल्क सायकलें वितरित की गईं। विद्यालय परिसर में कुल 79 बालिकाओं को सायकल प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि, यह सायकल केवल एक साधन नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने की दिशा में प्रेरित करेगी। सरकार की मंशा है कि, कोई भी बेटी दूरी या साधन के अभाव में अपनी पढ़ाई अधूरी न छोड़े। उन्होंने कहा कि, आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। शिक्षा ही असली पूंजी है, और यह सायकल उनकी शिक्षा यात्रा में पहिया बनकर साथ चलेगी। जनपद सदस्य देवेश शर्मा ने कहा कि, सरस्वती सायकल योजना उन ग्रामीण बेटियों के लिए वरदान बनकर आई है जो, पहले दूरी की वजह से विद्यालय आने से हिचकिचाती थीं। अब वही बेटियां सपनों को सायकल की रफ्तार से उड़ान दे रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या शशि किरण किंडो ने कहा कि, यह सायकल केवल विद्यालय आने का साधन नहीं, बल्कि स्वावलंबन और आत्मविश्वास की प्रेरणा भी है। हमारी जिम्मेदारी है कि, हर बालिका को शिक्षा के साथ यह विश्वास भी दें कि, वह अपने सपनों को साकार कर सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन धीरेन्द्र सिंह क्षत्रिय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर खम्हरिया सरपंच श्वेता खांडेकर, उपसरपंच बुधवारा साहू, विधायक प्रतिनिधि इसाक खान, मोहम्मद अशफाक, दीपक साहू, रमेश चौहान, मोती किशोर जायसवाल, मोहम्मद नजीर, शिवकुमार अग्रवाल, शिवनारायण साहू, दीपिका जायसवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं।





## नगर के सौंदर्यीकरण के लिए 54 लाख स्वीकृत, बनेगी पुष्प वाटिका

**सरगांव।** राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने नगर में सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए 54.80 लाख की राशि के साथ मंजूरी प्रदान की है। उक्त राशि से सरगांव में अब जल्द ही हरियाली से लबरेज और आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुष्प वाटिका उद्यान बनने जा रहा है।

जारी आदेश के अनुसार, यह उद्यान खसरा नंबर 2061-1, रकबा 3.022 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया जाएगा। यहां नागरिकों के स्वास्थ्य और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए ओपन जिम, सर्विलांस कैमरा, साइनबोर्ड, संगीत व्यवस्था और हरियाली विकास जैसे आकर्षक प्रावधान किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव की स्वीकृति से जारी आदेश के मुताबिक, पहली किस्त की राशि नगर पंचायत को दी जा रही है। उपयोगिता प्रमाण पत्र और कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर दूसरी किश्त जारी की जाएगी। परियोजना की लागत में वृद्धि होने पर अतिरिक्त खर्च नगर पंचायत को स्वयं उठाना होगा। विकास कार्य को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, विष्णुदेव साय के सुशासन में सरगांव नगर चौतरफा विकास की ओर अग्रसर है। यह उद्यान नगरवासियों के लिए एक नई पहचान बनेगा। नगरवासियों में इस परियोजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उनका कहना है कि, उद्यान बनने से न केवल नगर का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों को भी मनोरंजन व

## क्षेत्र के विकास के लिए हेतु हमेशा प्रयासरत रहूंगी: अनिता

■ जिपं सदस्य अनिता ने किया पंचायत भवन का भूमिपूजन

**बिलासपुर।** जिला पंचायत बिलासपुर के क्षेत्र क्र. 04 बिल्हा में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाते हुए जिला पंचायत सदस्य अनिता राजेन्द्र शुक्ला ने ग्राम तेलसरा में 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नए पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। भवन के निर्माण से ग्रामीणों को पंचायती कार्यों के लिए एक भव्य एवं सुसज्जित भवन प्राप्त होगा।



इस अवसर पर श्रीमती शुक्ला ने कहा की, क्षेत्र में विकास की एकरूपता ही मेरा संकल्प है, ग्रामीण अंचलों में सडकों का निर्माण हो, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो, यह मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। ग्राम पंचायत तेलसरा सहित क्षेत्र के ग्रामो मे रोड, नाली, पानी, बिजली, पंचायत भवन, मंगल भवन जैसे विकास कार्यों को पहुंचाकर ग्रामीणों को मुलभूत सुविधा दिलवाने हेतु मेरी प्रतिबद्धता है। जिला कांग्रेस व कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला ने चुनाव मे भारी बहुमत से विजयी दिलाने हेतु ग्रामवासियो का आभार व्यक्त किया एवं क्षेत्र मे विकास कार्य करवाने हेतु विश्वास दिलाया। इस दौरान सरपंच सोनम कुर्रे, प्रतिनिधि अश्वनी कुर्रे, पंच संतोष बघेल, दशरथ बांधे, नउमन बाई भास्कर, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया बृजवासी, अनिता आगरे, पूर्व जनपद सदस्य मोहित राम आगरे, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री आशु निर्मलकर, कांग्रेस सेंवार जोन उपाध्यक्ष अंगद बृजवासी, कु अजनी कुर्रे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दंपती के साथ युवकों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** दुपहिया चालक ने ओवरटेक करते हुए दंपति को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुईया निवासी पुरूषोत्तम दिवाकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, कि 8 अक्टूबर को शाम 7 बजे वह अपनी पत्नि के साथ जा रहा था। इसी दौरान बिलासपुर की ओर आ रही दुपहिया चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ओवरटेक करते हुए उसे टक्कर मार दी। जब पुरूषोत्तम ने ऐसा करने का कारण पूछा तो वाहन सवार प्रदीप कुर्रे, अमन बंजारे व प्रफुल्ल कुर्रे ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

## कैदियों ने उठाया शतरंज, कैरम एवं लूडो का आनंद

### जिला जेल में इंडोर खेल गतिविधियों का आयोजन

**मुंगेल।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला जेल में कैदियों के के लिए इंडोर खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कैदियों ने शतरंज, कैरम बोर्ड एवं लूडो आदि का लुफ्त उठाया।



कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कंचनलता आचला ने विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, इस प्रकार के आयोजन बंदियों में मानसिक तनाव को कम करते हैं और उनमें आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। सहायक जेल अधीक्षक ममता पटेल ने बताया कि, जिला जेल मुंगेली में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बंदियों में आपसी सहयोग और अनुशासन की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉ संजय ओबेराय, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य स्वतंत्र तिवारी तथा जेल अधीक्षक कार्यालय से अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से बच्ची की मौत, जांच जारी

**पेंड्रा।** जिले के ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं, और आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और प्रशासनिक सख्ती की कमी का नतीजा एक बार फिर सामने आया है। एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही और गलत इलाज ने एक मासूम की जान ले ली।



पेंड्रा थाना क्षेत्र के विशेषरा गांव की रहने वाली 13 वर्षीय सातवीं की छात्रा खुशबू वाकरे बीते दिनों उल्टी-दस्त की शिकायत से परेशान थी। परिजनों ने बच्ची को इलाज के लिए पास के गांव पिपलामार निवासी झोलाछाप डॉक्टर भगवानदास के पास ले गए। डॉक्टर ने इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर में बालिका की तबीयत और बिगड़ गई। बच्ची की हालत देख डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही मासूम खुशबू की मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस हरकत में आई और शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग ने अब झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक में जांच टीम भेज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

सूचना मिली है कि, एक बालिका की झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से मौत हुई है। जांच टीम भेज दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बयान आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- रामेश्वर शर्मा, सीएमएचओ

## भारत विकास परिषद पेंड्रा की राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता



**पेंड्रा।** भारत विकास परिषद पेंड्रा के तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्रीय समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात बालक-बालिकाओं के मधुर स्वर से पूरा सभागार गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान रहे एवं अध्यक्षता प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं संस्कार प्रमुख संजय द्विवेदी ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में धरम प्रकाश सातूवाला एवं पूरन छाबरिया की उपस्थिति रहीं।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में में प्रथम डीएवी कुड़कई, द्वितीय नवागांव विद्यालय एवं तृतीय स्थान डीएवी कुम्हारी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन भारत विकास परिषद इकाई पेंड्रा के अध्यक्ष मोहनी शंकर तिवारी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल पांडे, मनीराम केवर्त, कीर्ति कुमार कश्यप, ध्रुव कुमार, नत्थूलाल, महेश, समयलाल, अतुल, अजय चौधरी, अनिल सेंगर एवं हेमंत तंवर की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मातृशक्ति की ओर से कमला शर्मा, रुक्मिणी तिवारी, पुष्पलता तिवारी, प्रिया त्रिवेदी, विभा तिवारी, अनीता मांझी, गरीमा तिवारी, नीलम साहू आदि की विशिष्ट उपस्थिति रही। साथ ही डॉ एमएस मरावी एवं प्रकाश राय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ई-निविदा प्रक्रिया से रेत खदान आबंटन के लिए प्रशिक्षण 13 को

**मुंगेली।** कलेक्टर कार्यालय मुंगेली द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में रेत खदानों के ई-निविदा प्रक्रिया से आबंटन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जल संसाधन विभाग बिलासपुर के प्रार्थना सभा भवन में 13 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। खनिज अधिकारी ने बताया कि, राज्य शासन के निर्देशानुसार खनिज विभाग अंतर्गत गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी प्रक्रिया से किया जाएगा। इसके तहत निविदा जारी करना, भाग लेने हेतु पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अहर्ता एवं लॉटरी प्रक्रिया जैसी सभी गतिविधियां अब ऑनलाइन एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से होंगी। प्रशिक्षण में इच्छुक बोलीकर्ताओं को ई-नीलामी से जुड़ी तमाम प्रक्रिया जैसे कि निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने के लिए बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन आदि पोर्टल के माध्यम से होने वाली समस्त जानकारी बताई जाएगी। रेत खदान के इच्छुक बोलीकर्ता इस प्रशिक्षण में हिस्सा ले सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### दोस्त के साथ घूमने निकले छात्र पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** दोस्त के साथ घूमने निकले छात्र के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा निवासी सुजल शर्मा पिता राजेन्द्र शर्मा द्वतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। 8 अक्टूबर को रात 8 बजे वे अपने दोस्त कृष गुप्ता के साथ एक्टिवा में बैठकर घूमने निकले थे। सीताराम मंदिर के पास बिट्टू बालमिकी, राहुल यादव पीछे से एक्टिवा में आए और बिना कारण के गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर राहुल यादव एक्टीव से उतरकर चाकू से सुजल शर्मा पर हमला कर दिया। बिट्टु बालमिकी भी उनके मारपीट की है। पुलिस ने सुजल शर्मा की रिपोर्ट पर दोनों हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सकरी में दो लोगों से लूट चार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सकरी पुलिस के अनुसार, ग्राम जरेली निवासी



कृष्णावतार साहू भारत फाइनेस कंपनी में फील्ड आफिसर है। 8 अक्टूबर को वह कंपनी की साप्ताहिक मीटिंग में घानापारा गए थे। रात 9.45 बजे जोंकी के पास बाइक सवार दो युवक उनके बैग को मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने पर दूसरे बाइक सवार बैग लूटकर भाग गए। दूसरी घटना में घुरू निवासी राहुल यादव पिता अशोक यादव 7 अक्टूबर की रात काम करके घर वापस जा रहे थे। रात 11 बजे गोखनेनाला के पास बाइक सवार अमेरी निवासी अजय कुर्रे, विजय कुर्रे, यश सेन, करन पात्रे आए और उनके से बात करने लगे। इसी दौरान एक लड़का उनके जेब से 7 हजार रुपए लूटकर भाग गया। पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सूने मकान से जेवर व अन्य सामान चोरी

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पश्चिम बंगाल कोलकाता निवासी अभिजीत चक्रवर्ती ने रिपोर्ट लिखाई, उनका पैतृक मकान चितले कालोनी में है। जहां उनकी मां रह रही थी, पिछले 6 माह से उनकी मां उनके पास रहने चली गई है। नौकरानी घर में साफ सफाई करने आती थी। 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजे नौकरानी साफ सफाई करने आई तो मकान का ताला टूटा मिला। 7 अक्टूबर को वे घर आए तो घर में रखे सोने का टाप, चांदी के गणेश की मूर्ति, पायल, चूड़ी, गिलास दो सेट, कटोरी 2, प्लेट 2, बिछिया 2 व कांसे का बर्तन व अन्य सामान की चोरी हो गई थी।

### खुदकुशीः ससुराल वालों पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दहेज प्रताड़ना से त्रस्त होकर नवविवाहिता द्वारा कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने ससुरालवालों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, मुधबन रोड दयालबंद निवासी खुशूब पति सहबाज खान 25 साल ने 10 सितंबर 2025 को कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में खुलासा हुआ कि खुशबू की दूसरी शादी शहबाज खान से हुई थी। शादी के बाद छोटी छोटी बात व दहेज कम लाने को लेकर ससुरालवाले प्रताड़ित कर रहे थे। जांच के बाद पुलिस ने शहबाज खान, शबनम बेगम, शबीना बेगम उर्फ नेहा, अरबाज खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 3, 5, 85 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## अरपा का जलस्तर अचानक बढ़ा, ट्रैक्टर फंसा

**बिलासपुर।** अरपा नदी का जलस्तर गुरूवार को अचानक बढ़ गया। इसके चलते दोमुहानी के पास नदी में उतरा एक ट्रैक्टर पानी में फंस गया, जिसे क्रेन की मदद से बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया।

- क्रेन की मदद से निकाला गया बाहर

पेंड्रा इलाके में तेज बारिश होने के कारण गुरूवार को अरपा नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी हो गई। जलस्तर में हुई बढ़ोतरी किसी को समझ में आती इससे पहले ही दो मुहानी के पास नदी में उतरा एक ट्रैक्टर पानी में फंस गया व निकल नहीं पाया। आनन-फानन में क्रेन बुलाकर ट्रैक्टर को नदी से बाहर निकाला गया। गुरूवार को शहर का मौसम वैसे तो पूरे दिन साफ था, लेकिन पेंड्रा इलाके में बारिश होने के कारण नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो गई। शहर में अरपा पर बनाए गए सभी पुलों पर आवाजाही करने वालों को नदी का अचानक बढ़ा जलस्तर देखकर हैरानी हो रही थी।

डंके की चोट पर राशन का आबंटन लेने खुद ही पहुंच जा रहे

# समूह का मुखौटा लगाकर किराए पर राशन दुकान चला रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडीएस अंतर्गत समूहों को आबंटित राशन दुकान व्यापारी किराए पर चला रहे हैं। शहर व आसपास करीब 25 दुकानें ऐसी हैं, जिनका आबंटन तो समूहों के नाम पर हुआ है, लेकिन मुखौटा लगाकर व्यापारी दुकानों का संचालन कर रहे हैं। हद तो यह है कि एक व्यापारी कई-कई दुकानों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं, बल्कि किराए पर ली गई उक्त राशन दुकानों के नाम पर राशन का आबंटन लेने खुद ही पहुंच जा रहे हैं। खाद्य विभाग को इस बात की जानकारी न होना संदेह पैदा करने वाला है। स्व सहायता समूहों के नाम पर आबंटित की गई राशन दुकानें व्यापारियों द्वारा संचालित करने की जानकारी मिल रही है। ऐसा कोई एक मामला नहीं, बल्कि शहर व आसपास करीब 25 दुकानें ऐसी हैं जो समूहों के नाम पर व्यापारी संचालित कर रहे हैं। नियमानुसार आबंटित दुकानों में समूह के अध्यक्ष या प्रबंधक को बैठकर दुकानों का संचालन करना है, लेकिन ये दोनों ही अपनी दुकान से नदारद रहते। हैं, वहीं किसी तीसरे व्यक्तियों की दखल नजर आ रही है। शहर में दो व्यापारी ऐसे हैं, जिनके द्वारा क्रमशः पांच एवं छह दुकानें संचालित की जा रही हैं। इन दोनों व्यापारियों के लोग दुकानों के नाम पर जाकर राशन का आबंटन भी प्राप्त कर रहे है।

- एक व्यापारी की कई-कई दुकानें
- कोई कार्रवाई नहीं कर रहा खाद्य विभाग

### सीपत में पकड़ा गया पीडीएस का चावल, जांच पूरी

सीपत में बुधवार को एक पिकअप में 60 कट्टी राशन का चावल भरकर ले जा रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। सीपत पुलिस द्वारा सहकारी समिति सीपत के लेखापाल धनवंतरी भूषण कौशिक को 50-50 किलोग्राम की 60 कट्टी चावल के साथ पकड़कर धारा-94 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। सीपत पुलिस एवं खाद्य विभाग की जांच टीम को अपने बयान में उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह अपनी झलमला स्थित एक अन्य दुकान में आबंटन के लिए चावल लेकर जा रहा था। इसके विपरीत खाद्य विभाग का कहना है कि यह खाद्य विभाग के नियम में ही नहीं है कि कोई संचालक एक दुकान का चावल दूसरी दुकान में वितरित कर सके। इस संबंध में खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने कहा कि दोनों ही दुकानों के स्टॉक की जांच कराई जाएगी, जिसमें संचालक की चोरी पकड़ में आ जाएगी। इसके बाद मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पहले ही नजर में चोरी इसलिए नजर आ रहा है क्योंकि पीडीएस के बोरे से पॉलीथिन के बोरे में चावल भरकर वाहन में रखा गया है। थाने से कुछ ही दूर पर हुई इस घटना के बाद पुलिस ने भी कार्रवाई में सख्ती नहीं दिखाई और केवल नोटिस दे दिया।





जब्त वाहन।



पिकअप में जब्त पीडीएस का चावल।

### अभियान चलाकर जांच करेंगे

किसी एक दुकान के नाम पर ऐसी कोई शिकायत तो नहीं है, लेकिन शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई जरूर की जाएगी। दुकानों का आबंटन समूहों के नाम पर किया जाता है, जिसका संचालन उन्हीं को ही करना है। दुकान का हस्तांतरण बिना विभाग की जानकारी के किसी और को नहीं किया जा सकता। यह नियम विरूद्ध है। यदि किसी समूह को दुकान नहीं चलानी है तो विभाग को इसकी जानकारी दी जाए, विभाग किसी और को आबंटित करने की व्यवस्था करेगा। एक अभियान चलाकर इसकी जांच की जाएगी।

-**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### हर महीने ली जाती है किराए की रकम

जिन व्यापारियों ने किराए पर राशन दुकानें ले रखीं हैं, वे संबंधित समूह को महीने के हिसाब से रकम चुका देते हैं। ऐसे में समूह को बिना मेहनत घर बैठे किराए की रकम मिल जाती है, वहीं दूसरी ओर व्यापारी को समूह के नाम की दुकान मिल जाती है, जहां वे अपनी मनमानी करते हुए दुकानों का संचालन करते हैं, क्योंकि काला-पीला करने के दौरान अगर मामला पकड़ में आ भी गया तो इसकी पूरी जिम्मेंदारी उस समूह की होगी, न कि किराए पर चलाने वाले व्यापारी की। इस तरह के कई मामले खाद्य विभाग द्वारा पकड़े भी गए हैं, जहां शक्कर व चावल की शार्टेज के मामले मिले थे।





छठघाट में लापता व्यक्ति की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम।

## लापता व्यक्ति की स्कूटी, मोबाइल चप्पल छठघाट में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लापता व्यक्ति की स्कूटी, मोबाइल, चप्पल छठघाट में मिलने से उसके अरपा नदी में बह जाने की आशंका जताई जा रही है। एसडीआरएफ की टीम ने सुबह से देर शाम तक लापता व्यक्ति की नदी में तलाश की, किन्तु टीम को कोई व्यक्ति नहीं मिला है।

मोपका पुलिस सहायता केंद्र के प्रधान आरक्षक रवि सैनिक ने बताया, राजीव विहार निवासी चार्ली डिकुस पिता फ्रांसिस डिकुश 55 साल बुधवार की शाम घर में किसी को बिना बताए स्कूटी लेकर निकल गए। काफी समय बीत जाने के बाद उनके घर नहीं लौटने पर परिजन ने पतासाजी की। रात 12.10 बजे परिजन ने उनके गुम होने की रिपोर्ट पर पुलिस सहायता केंद्र की। परिजन के द्वारा श्री डिकुस का मोबाइल लोकेशन लिया, उनका लोकेशन छठघाट में पाया गया। परिजन पुलिस को लेकर छठघाट गई तो उनकी स्कूटी, चाबी, डिक्की में मोबाइल व पचरी में उनकी चप्पल मिली। उनके नदी में बह जाने की आशंका जताते हुए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। गोताखोर सुबह से देर शाम तक छठघाट से चेकडेम तक उनकी खोज करते रहे, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार को फिर से नदी में तलाश की जाएगी।

- अरपा में बहने की आशंका
- दिन भर की गई नदी में तलाश

## चाचा के घर में की सेंधमारी भतीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सूने मकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़कर चोरी के जेवर बरामद कर लिया है। पुलिस ने जेवर जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

निरतू करहीपारा राजेन्द्र सूर्यवंशी 5 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ ससुराल मोपका चले गए थे। 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजे वे घर लौटे और ताला खोलकर अंदर गए तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और और दीवार टूटी हुई थी। आलमारी से सोने की माला, पायल, मंगलसूत्र, फुल्ली, हाफ करधन, चांदी का चाबी गुच्छा, मांग मोती, चांदी गठुला, बिछिया चोरी हो गई थी। मुआयना के दौरान घर में फुटप्रिंट मिला। उसके आधार पर प्रधान आरक्षक अश्फाक अली ने मकान मालिक के भतीजा लोखंडी निवासी प्रवीण कुमार उर्फ पिंटू पिता पुरूषोत्तम उर्फ गब्बर ध्रुव 21 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से चोरी गए सभी जेवर बरामद कर लिया है। आरोपी बेराजगार है और चाचा के परिवार को बाहर जाते देख वारदात को अंजाम दिया था।

## मारपीट के बाद युवक की संदिग्ध मौत

**बिलासपुर।** मारपीट के बाद देर रात तबियत खराब होने पर परिजन युवक को इलाज के लिए सिम्स लेकर जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन ने हत्या की आशंका जताते हुए मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन ने बीती रात लेन देन की बात को लेकर पूर्व कांग्रेस पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।



मृतक।

मृतक बंगालीपारा निवासी सिद्धार्थ पाण्डेय पिता लक्ष्मेंद्र पाण्डेय के चचेरे भाई लक्की शास्त्री ने बताया, बुधवार की रात 11 बजे पूर्व कांग्रेस पार्षद माधुरी चंद्रा का पति पूर्णानंद चंद्रा ने सिद्धार्थ को फोन कर गाली गलौज कर रहा था और नूतन चौक में मिलने बुलाया। वह अपने भाई सिद्धार्थ के साथ मिलने के लिए नूतन चौक गए। पार्षद पति पूर्णानंद चंद्रा अपनी गाड़ी से आया और उतरकर सिद्धार्थ के साथ गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो पूर्णानंद चंद्रा व सिद्धार्थ के बीच झूमाझटकी होने लगी। इसी दौरान पूर्णानंद चंद्रा ने उसके सीने पर लात मारा। लोगों के द्वारा बीच बचाव कर विवाद शांत कराया गया। उसके बाद वह अपने भाई सिद्धार्थ को लेकर रिपोर्ट लिखाने सरकण्डा थाने गए। थाना से लौटने के बाद सिद्धार्थ घर आकर सो गया। देर रात सिद्धार्थ ने सीने में असहनीय दर्द होने पर अपनी मां को जगाकर जानकारी दी। उसके बाद परिजन उसे निजी हास्पिटल लेकर गए, उसके बाद सिम्स लेकर गए, जहां डाक्टरों के द्वारा परिक्षण का मृत घोषित कर दिया गया। परिजन ने मारपीट करने से मौत की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम कराने का बात कही। उसके बाद सरकण्डा पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंपा गया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### नहीं कराया गया मुलाहिजा

लक्की शास्त्री ने बताया, दिवस अधिकारी को मारपीट की जानकारी देकर रिपोर्ट लिखाने की बात कहीं तो उन्होंने लिखित आवेदन को कहा। सिद्धार्थ स्वयं आवेदन लिखकर दिया। उसके बाद दिवस अधिकारी ने मारपीट करने वाले को त्वरित पकड़कर कार्रवाई करने की बात कही। सिद्धार्थ का मुलाहिजा नहीं कराया गया था।

### पार्षदपति पर मारपीट का आरोप

रात 12.10 बजे मृतक थाने आया और पार्षद पति के द्वारा मारपीट करने की लिखित शिकायत दिवस अधिकारी शैलेन्द्र सिंह को दिया गया था। दिवश अधिकारी ने मुलाहिजा कराने को कहा तो उसने इनकार कर दिया था। परिजन की मांग पर पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

-**निलेश पाण्डेय** सरकण्डा टीआई

## लाखों की लकड़ी सहित पकड़े गए आरोपी जेल भेजे गए

**बिलासपुर।** वन विभाग बिलासपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध लकड़ी कटाई करने वाले आरोपियों को लाखों की लकड़ी सहित पकड़कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ और कोटा के एसडीओ अनिल भास्करन को मुखबिर से सूचना मिली कि वन विभाग एवं वन विकास निगम के क्षेत्र में आने वाले कक्ष क्रमांक 2471 व 2472 में वृक्षों की कटाई कर अवैध परिवहन एवं अवैध व्यापारिक उपयोग किया जा रहा है। सूचना पर परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी, डिप्टी रेंजर शिवकुमार पैकरा, नरेन्द्र सिंह बैसवाड़े, प्रमोद मिश्रा, पंकज साहू, संत कुमार वाकरे, सोमप्रकाश जय सिंधु, शैलेन्द्र पोर्ते, सीता बाई तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दो बाइक को पकड़ा। इसके साथ ही मौके पर 21 नग लट्ठा, एक नग 1.792 घनमीटर बल्ली सहित लाखों के सामान भी जब्त किए गए। इस मामले में दो आरोपी नेवसा निवासी धर्मेन्द्र कुमार ध्रुव पिता संतराम ध्रुव और औरापानी निवासी बुधराम बैगा पिता जोन्हु बैगा को पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था, जिनकी जमानत याचिका कोर्ट से खारिज कर दी गई थी।



आरोपी।

वहीं मुख्य आरोपी पैजनिया थाना लोरमी निवासी अनिल कुमार श्रीवास पिता शिव कुमार फरार था, जिसे उसके निवास से पकड़ा गया। टीम ने उसके निवास पर दबिश दी, जहां वह कोठी के नीचे गोंड्रा में छिपा हुआ था। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## आज से चार दिन नर्मदा एक्सप्रेस चलेगी परिवर्तित मार्ग से

**बिलासपुर।** उज्जैन स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य 11 से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा, जिसके कारण बिलासपुर से चलने और आने वाली नर्मदा एक्सप्रेस का परिचालन चार दिन तक डायवर्ट रूट से होगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के उज्जैन स्टेशन में नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इसमें 10 से 14 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया हिरदाराम नगर, मक्सी, देवास मार्ग होकर इंदौर जाएगी। वहीं 11 से 15 अक्टूबर तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हया देवास, मक्सी, संत हिरदाराम नगर मार्ग होकर बिलासपुर आएगी। दोनों तिथि में अप-डाउन दोनों नर्मदा एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन में नहीं रूकेगी। इसके अलावा 11 अक्टूबर को भगत की कोठी से चलने वाली 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कोटा, सोगरिया, गुना, बीना, निशातपुरा, भोपाल मार्ग होकर बिलासपुर आएगी। 13 व 14 अक्टूबर को बिलासपुर से चलने वाली 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया भोपाल, निशातपुरा, बीना, गुना, सोगरिया, कोटा मार्ग होकर भगत की कोठी पहुंचेगी। उपरोक्त दोनों तिथियों में दोनों गाड़ियों का उज्जैन, नागदा, चौमेला, विक्रमगढ़ आलोट, शामगढ़, रामगंज मंडी, सुवासरा, बेरछा, शुजालपुर एवं सीहोर स्टेशन में स्टापेज नहीं होगा। 11 अक्टूबर को बिलासपुर से चलने वाली 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भोपाल, निशातपुरा, बीना, गुना, सोगरिया, कोटा मार्ग होकर बीकानेर स्टेशन तक और 12 एवं 14 अक्टूबर को बीकानेर से चलने वाली 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कोटा, सोगरिया, गुना, बीना, निशातपुरा, भोपाल मार्ग होकर बिलासपुर पहुंचेगी। उपरोक्त तिथियों में दोनों गाड़ियां उज्जैन, नागदा, चौमेला, विक्रमगढ़, आलोट, शामगढ़, रामगंज मंडी, सुवासरा, बेरछा, शुजालपुर एवं सीहोर स्टेशन नहीं आएगी।

- उज्जैन स्टेशन में किया जाएगा यार्ड रिमाडलिंग कार्य 11 से 15 तक

online Booking:-www.tripuryatra.com





स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411